समाचार

# शहर के सरोवरो को तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित करने मुड़ापार तालाब व मानिकपुर पोखरी का निरीक्षण किया आयुक्त ने

## (भविष्य में तालाबों, सरोवरों को पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार किए जाने के दिए निर्देश)




कोरबा 17 अप्रैल 2025 – कोरबा शहर के सरोवरों, तालाबों को रायपुर के तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित करने एवं भविष्य में तालाबों, सरोवरों को पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार किए जाने के संबंध में आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मुड़ापार तालाब एवं मानिकपुर पोखरी का निरीक्षण किया। उन्होने इस संबंध में पी.पी.पी. मोड पर सरोवरों को विकसित किए जाने हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश अभियंताओं को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के अधिकारियों की टीम के साथ मुड़ापार तालाब व मानिकपुर पोखरी का निरीक्षण किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि कोरबा शहर के हृदय स्थल में शारदा विहार व मुड़ापार बस्ती के बीचों–बीच स्थित प्राचीन मुड़ापार तालाब का कुछ वर्ष पूर्व जीर्णोद्धार कराया गया था, किन्तु देखरेख के अभाव में वर्तमान में तालाब की स्थिति ठीक नहीं है, तालाब में पानी का अभाव है, तालाब को भरने व पानी के ठहराव की व्यवस्था भी नहीं है, इसके साथ ही तालाब के चारों तरफ की मेढ़ पर पूर्व में किए गए विकास व निर्माण कार्य जर्जर स्थिति में है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने तालाब का निरीक्षण किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुड़ापार तालाब को रायपुर स्थित तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित करने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें तथा इस हेतु पी.पी.पी. मोड पर विकास कार्य किए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होने तालाब में पानी भरने एवं पानी के ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए स्थाई व्यवस्था बनाने के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि तालाब में पानी की कमी न रहें। उन्होने कोरबा शहर के सरोवरों, तालाबों को रायपुर के तेलीबांधा तालाब

की तर्ज पर विकसित करने एवं भविष्य में तालाबों, सरोवरों को पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने एवं पी.पी.पी. मोड पर सरोवरों को विकसित किए जाने हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश अभियंताओं को दिए।

**पर्यटन स्थल के रूप में विकास** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुड़ापार तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें, **तालाब में पानी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए बोटिंग की सुविधा, जल की शुद्धता हेतु जेट फाउण्टेन, तालाब के चारों तरफ मेढ़ का जीर्णोद्धार व सौदर्यीकरण, उद्यानिकी, फाउण्टेन, स्ट्रीट लाईट व बहुरंगी प्रकाश व्यवस्था, चौपाटी, बैठक व्यवस्था, मनोरंजन पार्क, वाकिंग स्ट्रीट, वृद्धजनों के लिए क्लब, छोटे बच्चों के लिए स्पोर्ट्स सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को शामिल कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें।**

**अवैध कब्जे को व्यवस्थित करें** – मुड़ापार तालाब के समीप कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर मकान व झोपड़ी बना ली गई है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त अतिक्रमण को व्यवस्थित करते हुए वहॉ पर निवास कर रहे लोगों को उपयुक्त स्थल पर पुनर्वासित करने व स्थल को अतिक्रमण से मुक्त किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**गदंगी पर हुए नाराज,ठेकेदार पर 05 हजार रूपये का अर्थदण्ड** – मुड़ापार तालाब तथा आसपास के क्षेत्र में गदंगी व कचरा बिखरा देख आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित सफाई कार्य एजेंसी पर 05 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करने के साथ ही निगम के संबंधित स्वच्छता सुपरवाईजर को नोटिस जारी करने तथा सुपरवाईजर की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सफाई कार्यो में लापरवाही किसी भी सूरत में क्षम्य नहीं होगी तथा जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।